कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 15.10.2024

/प्रेस विज्ञप्ति/

गर्ल्स कॉलेज में

केन्द्रीय बजट पर व्याख्यान

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय दुर्ग के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा केन्द्रीय बजट पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बजट का मतलब है आय और व्यय का लेखा जोखा। सत्र 2024–25 का बजट युवाओं की अपेक्षाओं एवं उनकी जरूरतों पर ध्यान केन्द्रित किया गया है और युवाओं के विकास हेतु भारत सरकार द्वारा विभिन्न योजनाऐं बनायी गई है। इस साल के बजट में रोजगार कौशल, एम0 एस0 एम0 ई0 और मध्यम वर्ग पर ज्यादा ध्यान दिया गया है। भारत का 2024 अंतरिम केन्द्रीय बजट वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए अनुमानित राजस्व और सरकारी खर्च में व्यापक जानकारी प्रदान करता है। अर्थशास्त्र की प्राध्यापक डॉ0 मुक्ता बाखला ने कहा कि किसी प्रशासन (जैसे कि किसी राष्ट्र) की वित्तीय स्थिति का एक निश्चित अवधि के लिए विवरण, जो उस अवधि के दौरान व्यय के अनुमानों और उनके वित पोषण के प्रस्तावों पर आधारित होता है। एक अच्छा बजट आपको इस बात से अवगत करायेगा कि आपको कब कितना खर्च करना है और कब आपके पास कितना अतिरिक्त पैसे होंगे जिन्हें आप बजट में बदल सकते हैं। डॉ0 सुषमा यादव ने बजट के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सत्र 2024–25 के बजट में सभी के लिए पर्याप्त अवसर पैदा करने के लिए सरकार ने नौ प्राथमिकताओं पर निरन्तर प्रयास की कल्पना की गई है। बजट केवल सरकार के लिए ही उपयोगी नहीं है, अपितु घरेलू जिन्दगी में आम आदमी भी बजट बनाकर आय–व्यय को सन्तुलित कर सकता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 आरती राठौर ने किया एवं आभार प्रदर्शन डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव ने प्रस्तुत किया।

टीप– समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

केन्द्रीय बजट पर व्याख्यान